BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

## ब्रैम्पटन और मेट्रोलिंक्स, क्वीन स्ट्रीट बस रैपिड ट्रांज़िट स्टडी की ओर आगे बढ़ गए हैं

ब्रैम्पटन, औनटैरियो (18 दिसम्बर, 2020) – सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और मेट्रोलिंक्स (Metrolinx), क्वीन स्ट्रीट बस रैपिड ट्रांज़िट (बी.आर.टी.) स्टडी (Queen Street Bus Rapid Transit (BRT) study) की अगली स्टेज की ओर बढ़ते हुए, अपनी ट्रांज़िट योजना में बड़ी उपलब्धि तक पहुंच गए हैं।

सिटी के ट्रांस्पोर्टेशन मास्टर प्लान (Transportation Master Plan) में नियत रैपिड ट्रांज़िट कॉरिडोर, क्वीन स्ट्रीट (Queen Street), ब्रैम्पटन में सबसे अधिक व्यस्त ट्रांज़िट कॉरिडोर है, जिसमें प्रत्येक कार्यदिवस में 28,000 से अधिक ट्रांज़िट ग्राहक आते हैं। चूंकि अगले 25 वर्षों में, शहर की आबादी और रोज़गार में, लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि होने का अनुमान है, इसलिए कॉरिडोर में ट्रांस्पोर्टेशन को भी बढ़ाने की जरूरत होगी। रैपिड ट्रांज़िट, आबादी और रोज़गार में वृद्धि को मदद करने के लिए जरूरी है। यह ब्रैम्पटन के निवासियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करता है और प्रतिस्पर्धात्मक ट्रैवल विकल्प प्रदान करता है।

क्वीन स्ट्रीट बी.आर.टी. स्टडी, यॉर्क रीजन (York Region) में वीवा बी.आर.टी. रैपिडवे (Viva BRT Rapidway) का विस्तार करने के साथ-साथ, क्वीन स्ट्रीट पर मौजूदा ज़ूम (Züm) सेवाओं को, समर्पित लेन्स वाले पूरे बस रैपिड ट्रांज़िट में अपग्रेड करने की सलाह देती है। स्टडी की अगली स्टेज में, सिटी और मेट्रोलिंक्स, वातावरण संबंधी असेस्मेंट की तैयारी शुरू कर सकते हैं, जो इसके अनुमानित व्यवसायिक फायदे के आधार पर प्रारंभिक डिज़ाइन को आगे बढ़ाते हुए, अगले वर्ष की शुरूआत में हो सकता है।

क्वीन स्ट्रीट बस रैपिड ट्रांज़िट के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/QSBRT पर जाएं।

**पृष्ठभूमि:**

- लगभग 21,000 ग्राहक, ब्रैम्पटन की मौजूदा, रैपिड ट्रांज़िट ज़ूम (Rapid Transit Züm) सेवा (रूट 501/501A/501C) का उपयोग करते हैं।
- कैनेडा के सबसे तेज़ी से बढ़ते ट्रांज़िट सिस्टमों में से एक ब्रैम्पटन में है। पिछले दशक में, आबादी में 27 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले, राइडरशिप में 160 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और उसी अवधि में, प्रति व्यक्ति, ट्रांज़िट राइडरशिप दुगुनी हो गई।
- क्वीन स्ट्रीट में रैपिड ट्रांज़िट की योजना, मेट्रोलिंक्स के नेतृत्व में किए जा रहे संपूर्ण रीजनल ट्रांस्पोर्टेशनल प्लान (overall regional transportation plan) के मुताबिक है।
- क्वीन स्ट्रीट, बी.आर.टी. इनीशियल बिजनेस केस (Queen Street BRT Initial Business Case) प्राइमरी स्टडी एरिया, क्वीन स्ट्रीट-हाईवे 7 कॉरिडोर के बीच में, ब्रैम्पटन के वेस्ट में मिसीसागा रोड (Mississauga Road) से ईस्ट में सिटी ऑफ वॉन (City of Vaughan) में वॉन मेट्रोपॉलिटन सेंटर (Vaughan Metropolitan Centre) के बीच स्थित है।

- इस प्लान ने क्वीन स्ट्रीट को, एक "इन-डिवेल्पमेंट" ("In-Development") प्रोजेक्ट के तौर पर साबित किया है और यह, 2041 के रीजनल ट्रांस्पोर्टेशनल प्लान (2041 Regional Transportation Plan) में फ्रीक्वेंट रैपिड ट्रांज़िट नेटवर्क (Frequent Rapid Transit Network) का मुख्य हिस्सा है।

*नोट: मार्च 2020 में कोविड-19 संबंधी सेवा बदलावों सो पहले सामान्य संचालन स्थितियों में राइडरशिप डेटा।*

**हवाले**

"हम इस घोषणा का स्वागत करते हैं और क्वीन स्ट्रीट बस रैपिड ट्रांज़िट स्टडी को आगे बढ़ाना जारी रखने के लिए, मेट्रोलिंक्स की लीडरशिप और प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद करते हैं। ट्रांज़िट, स्वस्थ समुदाय और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस जैसे बुनियादी काम के आगे बढ़ने से, हमें एक विविध, युवा आबादी वाले, गतिशील और तेज़ी से बढ़ने वाले शहर की वृद्धि में मदद मिलेगी। ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल, इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए, मेट्रोलिंक्स में हमारे साझेदारों के साथ काम जारी रखने के लिए उत्साहित है।"

– *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, तेज़ी से बढ़ने वाले शहरों में से एक है। ट्रांज़िट में निवेश, ऐसा सम्मिलित शहर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो सुरक्षित, स्थिर और सफल हो। क्वीन स्ट्रीट बी.आर.टी. को आगे बढ़ाना, ट्रांज़िट तक पहुंच में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही, ग्रीन सिटी के तौर पर ब्रैम्पटन का विस्तार करने और 2050 तक ग्रीनहाउस गैस निकासियों को 80 प्रतिशत कम करने के, हमारे जलवायु परिवर्तन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह दूसरा शानदार उदाहरण है कि जब सरकार के हमारे अलग-अलग महकमे, इकट्ठे मिलकर काम करते हैं तो निवासियों को कैसे फायदा होता है।"

– *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"यह, सिटी में हमारे लिए रोमांचक समाचार है। क्वीन स्ट्रीट के साथ रैपिड ट्रांज़िट के विस्तार से, हम ब्रैम्पटन में एक ही स्थान पर लोगों की संख्या को बढ़ाकर, क्षेत्र को रहने, काम करने और खेलने की जगह के तौर पर उन्नत कर सकते हैं। यह न केवल, सिटी की कुछ महत्वपूर्ण जगहों को जोड़ता है, बल्कि क्वीन स्ट्रीट बी.आर.टी., डाउनटाउन ब्रैम्पटन को, ब्रैमली सिटी सेंटर, वॉन मेट्रोपॉलिटन सेंटर, रिचमंड हिल सेंटर, मर्खम सेंटर आदि के साथ जोड़ने वाले बड़े, इंटर-रीजनल कॉरिडोर में महत्वपूर्ण कनेक्शन भी प्रदान करेगा।"

- *हरकीरत सिंह (Harkirat Singh), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10*

"हालांकि हम लगातार कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के प्रयास कर रहे हैं, स्टाफ उस जरूरी और महत्वपूर्ण काम के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमारे शहर को गतिशील रखता है। मैं सिटी के स्टाफ और मेट्रोलिंक्स की टीम का बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूं, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में सहयोग जारी रखा है। क्वीन स्ट्रीट बी.आर.टी., हमारी टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। यह इनोवेशन कॉरिडोर में ब्रैम्पटन की स्थिति को और मज़बूत बनाने में मदद करेगा।"

– *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन* व

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca